राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 1069 / 2026 दिनांकः– 17 जुलाई, 2026

## सूचना

समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं सम्बन्धित पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (B.C.A.),B.B.A., B.Sc. (Voc.)तथा B.Voc. (IT) जैसे कई पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2025–26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अनुरूप Choice Based Credit System (CBCS) एवं Credit Framework के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 से पूर्व बी.सी.ए. पाठ्यक्रम NEP-2020/CBCS प्रणाली के अंतर्गत संचालित नहीं था, अपितु पूर्व प्रचलित वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार संचालित किया जाता था। फलस्वरूप उक्त सत्रों के विद्यार्थियों हेतु क्रेडिट आधारित अंकपत्र (Credit Transcript/Credit Statement) तैयार अथवा निर्गत किए जाने का कोई प्रावधान प्रभावी नहीं था।

अतः शैक्षणिक सत्र 2025–26 से पूर्व अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण बी.सी.ए. विद्यार्थियों को क्रेडिट आधारित अंकपत्र निर्गत किया जाना संभव नहीं है। केवल शैक्षणिक सत्र 2025–26 एवं उसके पश्चात NEP-2020/CBCS प्रणाली के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार क्रेडिट आधारित अंकपत्र/क्रेडिट ट्रांसक्रिप्ट उपलब्ध कराया जाएगा।

समस्त संबद्ध महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि उक्त सूचना से अपने संस्थान के समस्त संबंधित छात्र-छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

17-07-2026
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट।
5. गार्ड फाईल।

17-07-2026
परीक्षा नियंत्रक

RT